सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन नैनीताल 19 जून, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि कैंची धाम आकर सदैव ही एक अद्भुत आध्यात्मिक शांति की और असीम ऊर्जा की अनुभूति होती है। बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा स्थापित यह मंदिर अलौकिक शक्ति का केन्द्र है। यहाँ देश एवं विदेश से अनेकों भक्त दर्शन करने आते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार इस क्षेत्र को विकसित करने के हर संभव प्रयास कर रही है और भविष्य को ध्यान में रखते हुए यहां पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश–विदेश से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, यातायात व्यवस्था, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी से यहां की चुनौतियों और समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

............0............